# सिम्फनी के एयर कूलर की नई रेंज बाजार में

**अहमदाबाद |** सिम्फनी लिमिटेड ने बीएलडीसी तकनीक के एयर कूलर की रेंज लॉन्च की है। यह कूलर अन्य की तुलना में 60% तक बिजली की खपत कम करेंगे। कंपनी ने नई रेंज में 80, 55 और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल पेश किए हैं। इनमें कई नई फीचर शामिल है। कंपनी के सीएमडी अचल बकेरी ने कहा कि नई एयर कूलिंग रेंज से कंपनी की स्थिति मजबूत होगी। ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स यानी बीएलडीसी तकनीक में स्थायी चुंबक होते हैं। इससे कम हीट लोस होता है। मोटर ऊर्जा कुशल होती है और बिजली की खपत कम हो जाती है। कंपनी के पास घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक स्थानों के लिए कूलिंग उत्पादों की श्रृंखला है।